हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 24 अप्रैल 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

4 जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की सर्वत्र हो रही निंदा




छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


जांजगीर में पाटो पाट बह रही नहर


ऊपरी क्षेत्र में हेडअप करने से नवागढ के आगे अत्यंत कम हुई धार।

### ऊपरी क्षेत्रों में जगह जगह हेडअप, निचले इलाकों में सूखने लगी फसल

# पाटो-पाट बह रही नहर की धार फिर भी टेल एरिया में सिंचाई के लिए मशक्कत कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रबी फसल की खेती करने वाले किसान इन दिनों खासे परेशान नजर आ रहे है। खास बात यह है कि बीते तीन चार दिनों से हसदेव बांगो नहर की धार पूरी क्षमता के अनुरूप चल रही है, लेकिन ऊपरी क्षेत्रों में जगह जगह हेडअप होने के कारण निचले इलाकों में सिंचाई की समस्या कही खत्म नहीं हो रही है। किसान मुरझाती फसलों को बचाने रात दिन मशक्कत कर रहे है।

गौरतलब है कि हसदेव बांगो नहर से 90 प्रतिशत से अधिक सिंचित जांजगीर चांपा जिले में इस बार भी बड़ी संख्या में किसानों ने ग्रीष्मकालीन फसल लगाई है। फसल लगाने के पूर्व बकायदा जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक हुई। जिसके बाद जनवरी के पहले सप्ताह से नहर में पानी छोड़ा गया। किसानों ने नहर के पानी से सिंचाई के दम पर बड़ी तादाद में धान की रबी फसल लगाई, लेकिन अबकी बार हो रही सिंचाई की समस्या ने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया है। पिछले कुछ दिनों से नहर की धार काफी कम हो गई थी, जिसे अभी तीन चार दिन पहले बढ़ाई गई है। बावजूद इसके निचले इलाकों में किसान अंतिम सिंचाई करने पानी के लिए तरस रहे है। वर्तमान में हसदेव बांगो दायी और बायी दोनों तटों में तकरीबन 26 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।



जिसमें से दायी तट शाखा में 13 सौ क्यूसेक पानी मिल रहा है और शेष 13 सौ क्यूसेक पानी बायी तट शाखा में जा रहा है। ऐसे में ऊपरी क्षेत्रों में तो नहर की धार पाटो पाट नजर आ रही है। यहां के माईनर भी फुल चल रहे है, लेकिन निचले इलाकों में वितरक शाखा की बात तो दूर मुख्य शाखा में नहर की धार अत्यंत कम हो गई है। बताया जाता है कि दायी तट शाखा में मिल रहे 13 सौ क्यूसेक पानी धुरकोट पहुंचने तक आधा भी नहीं बच रहा है। यहां से मुश्किल से 575 क्यूसेक पानी नवागढ़ की ओर जा रहा है। जिससे इस क्षेत्र के तुलसी, मिस्दा, खैरताल, खपराडीह, उदयभांठा वितरक शाखाओं का पानी खेतों तक नहीं पहुंच रहा है। बताया जाता है कि जांजगीर से धुरकोट तक ही नहर को कई जगह हेडअप करके आवश्यकता से अधिक पानी ले जा रहा है, जिसके कारण निचले इलाकों में पानी की धार कम हो गई है और अंतिम दौर में फसलों को बचाने किसान पानी के लिए तरस रहे है। कमोबेस यहीं स्थिति बायी तट शाखा अंतर्गत बम्हनीडीह के आगे बिर्रा, हसौद वितरक शाखाओं की भी है। इन जगहों पर हजारों एकड़ में लगी फसल में बालियां आने को है और ऐनवक्त पर सिंचाई की समस्या होने से फसलों के साथ किसानों के चेहरे भी मुरझाने लगे है। कुल मिलाकर नहर में पर्याप्त पानी आने के बाद भी निचले इलाकों में किसान सिंचाई की समस्या से जूझ रहे है और उनकी तकरीबन ढाई- तीन महीने की खून पसीने की मेहनत दांव पर लगी हुई है।

# जिले के नव पदस्थ कलेक्टर महोबे ने किया पदभार ग्रहण

## परिचय के साथ विभिन्न कार्यों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा जिले के 22 वें कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया एवं जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में चर्चा की।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली सहित अधिकारियों-कर्मचारियों ने नव पदस्थ कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के अधिकारी जन्मेजय महोबे इससे पूर्व नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पदस्थ थे।

### कलेक्टोरेट कार्यालय का किया निरीक्षण

जांजगीर-चांपा जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बुधवार 23 अप्रैल को पदभार ग्रहण के उपरांत कलेक्टोरेट कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टोरेट कार्यालय के एनआईसी, रिकार्ड रूम, खनिज शाखा, वित्त शाखा, शिकायत शाखा, सांख्यिकी विभाग, अधीक्षक कक्ष, सभाकक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, स्वान कक्ष, संवाद 24×7 कक्ष सहित अन्य शाखाओं का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करने कहा।


कलेक्टोरेट कार्यालय का निरीक्षण करते नवपदस्थ कलेक्टर।

## खबर संक्षेप

### कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में रबी वर्ष 2024-25 की समीक्षा तथा खरीफ वर्ष 2025 के कार्यक्रम का निर्धारण हेतु संभाग स्तरीय बैठक 24 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे से जिला पंचायत जांजगीर के सभाकक्ष में आयोजित होगी। उक्त बैठक में बिलासपुर संभाग के सर्व कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार 24 अप्रैल को प्रातः 11 बजे दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव के 50 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वी 12वी उत्तीर्ण रखा गया है एवं कंपनी द्वारा वेतनमान 9500 से 30 हजार रुपए निर्धारित किया गया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद पर भर्ती, 25 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पचोरी 02 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद एवं आंगनबाड़ी केंद्र कपिस्दा केंद्र 01 व कपिस्दा केंद्र 02 सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा आवेदिकाओं द्वारा प्राप्त किये गये अंकों के आधार पर प्रथम योग्यता सूची जारी किया गया है। जिस किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 25 अप्रैल तक कार्यालयीन समय पर सप्रमाण दावा-आपत्ति कर एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह में लिखित में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह से संपर्क किया जा सकता है।

### पालना कार्यकर्ता, सहायिका पद पर भर्ती हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत पालना केंद्र गौशाला केन्द्र 1, गौशाला केन्द्र 2, प्रेमनगर केंद्र 2 पालना कार्यकर्ता व सहायिका एवं आंगनबाडी केंद्र सोनारपारा केंद्र 1 सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। पालना कार्यकर्ता, सहायिका व आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा आवेदिकाओं द्वारा प्राप्त किये गये अंकों के आधार पर प्रथम (प्राविधिक) योग्यता सूची जारी किया गया है। उक्त सूची परियोजना कार्यालय एवं नगर पालिका चांपा में प्रकाशित कर दिया गया है। जिस किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 25 अप्रैल तक सप्रमाण दावा-आपत्ति कर एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह में लिखित में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

# लाखों रुपए की बनी टंकी महज शोपीस हो रही साबित


जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा- तालदेवरी

**खास बात**
- बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण, न स्त्रोत का पता न बोर खनन का

जल जीवन मिशन के तहत लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया गया है। जिसमें ग्रामीणों को दो बूंद भी पानी नहीं मिल पाया है। विडंबना यह है कि विभाग ने इस गांव की अब तक किसी तरह की सुध नहीं ली है। इसके चलते ग्रामीणों को इस गर्मी में भी पीने के लिए दो बूंद पानी नहीं मिल पा रहा है।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम सेमरिया में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण किया गया है। योजना के तहत गांव के लोगों को भरपूर पानी मिलेगी इसकी काफी उम्मीद थी, लेकिन उनकी उम्मीदों पर तब पानी फिर गया, जब लाखों की लागत से बनाई गई टंकी से उनके घरों तक बूंद भर भी पानी नहीं पहुंचा। दरअसल, ठेकेदार ने काम पूरा करने के बाद पलटकर नहीं देखा कि आखिर ग्रामीणों को पानी मिल रहा है या नहीं। बताया जाता है कि टंकी बनाने के बाद इसमें पानी का भराव और सप्लाई आज तक नहीं हो सकी है।

### खेत जा रहे ग्रामीण को हाथी ने उठाकर पटका, हालत गंभीर

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल क्षेत्र के गंजाईपाली गांव में सुबह खेत जा रहे एक ग्रामीण को हाथी ने उठा कर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, गंजाईपाली गांव का एक ग्रामीण बुधवार की सुबह अपने गांव के नजदीक स्थित खेत की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में उसका सामना एक जंगली हाथी से हो गया। ग्रामीण कुछ समझ पाता तब तक हाथी ने उसे अपने सूंड से पकड़ लिया और उठाकर पटक दिया। हाथी द्वारा ग्रामीण पर आक्रोशपूर्वक हमला करते हुए चिंघाड़ने से उसकी आवाज आसपास के ग्रामीणों ने सुनी वो मौके पर पहुंचे। वहीं हाथी द्वारा ग्रामीण पर हमला करते देख किसी तरह शोर मचाते हुए हाथी को वहां से खदेड़ा गया। इसके बाद घायल ग्रामीण को अस्पताल पहुंचाया गया है।



# समय बेसमय हो रही बिजली गुल, उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




अप्रैल महीने में पड़ रही गर्मी ने जहां लोगों को बेहाल कर रखा है। वहीं समय बेसमय होने वाली बिजली गुल की समस्या लोगों की परेशानी को और भी बढ़ा रही है। स्थिति यह है कि शहर से लेकर गांव तक बिजली गुल की समस्या लोग हलाकान है।

**बिर्रा।** सूर्य की तेज किरण से सुबह से आग बरसा रही है तो बिजली गुल होने की समस्या आग में घी डालने का काम रही है। ग्रामीण इलाकों में जिस तरह से बिजली की अघोषित कटौती हो रही है, उसमें लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। बैसाख मास में सूर्य की तेज किरणें आग बरसाती है। तापमान 42 डिग्री को पार कर गया है। सुबह से ही सूरज की किरणें चुभने लगती है। दोपहर में 12 बजे के बाद तो लोगों का सड़कों पर निकलना कम हो गया है। जरूरी काम से निकलने वाले लोग टोपी, चश्मा और गमछा बांधकर निकल रहे है, जबकि धरों में रहने वाले लोग कूलर के सामने से हटते तक नहीं। ऐसी स्थिति में दोपहर में बिजली गुल होने की समस्या आम लोगों के लिए किसी सजा से कम नहीं होती। क्षेत्र के बिर्रा, सिलादेही, गतवा सहित दर्जन भर से अधिक गांवों के रहवासी इन दिनों इसी समस्या से जूझ रहे है। ग्रामीणों के मुताबिक ना केवल सुबह, दोपहर और शाम को बल्कि रात में भी कई बार बिजली की आवाजाही होती है। दोपहर के समय बिजली गुल होने से लोग पसीने से तरबतर होते रहते है। इधर शाम को हवा के कुछ झोंकों के साथ कुछ बूंदाबांदी हो जाए तो क्षेत्र भर में बिजली सप्लाई ठप हो जाती है और लोग उमस भरी गर्मी से रात भर हलाकान होते रहते है।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र में भारी अव्यवस्था




बिर्रा। समीपस्थ ग्राम सिलादेही में संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्र यहां के लोगों के लिए एक तरह से परेशानी का सबब बन गया है। इलाज तो दूर की बात यहां व्याप्त अव्यवस्थाओं और उमस भरी गर्मी से ना केवल मरीज और उनके परिजन बल्कि स्टाफ के लोग भी परेशान है। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम सिलादेही के उपस्वास्थ्य केंद्र अव्यवस्था के बीच संचालित हो रहा है। यहां न तो डाक्टर के लिए ढ़ग से बैठने की व्यवस्था है, न मितानिनों के लिए कोई व्यवस्था है। मरीज तो यहां इलाज के लिए भटकते ही है। व्याप्त अव्यवस्था के चलते उनके साथ स्टाफ के लोग भी परेशान होते है। खास बात यह है कि भीषण गर्मी में यहां लोग परेशान हो रहे है। खास करके उपस्वास्थ्य केन्द्र में आने वाली गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को कही राहत नहीं मिलती। बिजली गुल होने की स्थिति में अस्पताल में सौर ऊर्जा या व जनरेटर, इनवाईटर, से बिजली सप्लाई की सुविधा होनी चाहिए। पर यहां ऐसा नहीं है। सर्वाधिक परेशानी नवजात व शिशुवती माताओं के कक्ष का है। यहां पंखे के सहारे ही उन्हें रहना पड़ता है। इसके अलावा बिजली गुल हो जाए तो सभी पसीने से तर बतर होते रहते है। रात के समय अंधेरे और उमस भरी गर्मी से सभी बेहाल होते रहते है।

### बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**गोधना।** गोधना, कुकदा, कुरियारी सहित केरा सब स्टेशन से जुड़े गांवों में रात 10 से 12 बजे के बीच रोजाना बिजली गुल हो जाती है। भीषण गर्मी में बिना पंखे और रोशनी के रहना मुश्किल हो गया है। मच्छरों के प्रकोप से ग्रामीण परेशान है। इधर बिजली विभाग में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने नियमित विद्युत आपूर्ति की मांग की है।

### रात्रि में मनमानी बिजली कटौती से ग्रामीण खासे परेशान

तुस्मा इन दिनों तुस्मा सब स्टेशन में रात्रि में होने वाली मनमानी बिजली कटौती से ग्रामीण खासे परेशान हैं। बताया जाता है कि रात्रि जैसे ही 11 बजती है ठीक उसके बाद करीब 2 से 3 घंटे तक अघोषित बिजली कटौती की जाती है। इसके बाद दिन में भी पूरे समय बिजली सप्लाई नहीं होती। सुबह दोपहर, शाम किसी भी समय बिजली गुल हो जाती है और बिजली आने में घंटों का समय बीत जाता है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। दोपहर के समय तापमान 42 डिग्री को पार कर जाता है। ऐसी स्थिति में बिजली गुल होने पर लोगों की परेशानी और भी बढ़ जाती है। पूरे समय लोग पसीने से तरबतर होते रहते है। इस संबंध में सहायक अभियंता आशीष लहरे का कहना है कि अभी दो यूनिट कोरबा से बंद है। जिसके कारण परेशानी बढ़ी है। शीघ्र सुधार होगा।

## अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो अनिल कुमार बारा ने सुनाया फैसला

# मूक बधिर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मूक बधिर नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

इस संबंध में न्यायालयीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 6 सितंबर 2023 को प्रार्थिया ने आरोपी परमेश्वर जांगड़े के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उसने लिखित शिकायत में बताया कि 5 सितंबर को आरोपी उसका हाथ पकड़कर खींच रहा था और उसकी सलवार भी फटी हुई थी। पीडिता से पूछने पर उसने ईशारे में बतायी कि आरोपी परमेश्वर जांगड़े के द्वारा 3-4 बार शारीरिक संबंध बनाया गया है और



उसके बैग में चिट्ठी फटे हुए कागज के टुकड़े में आरोपी का लिखा हुआ नोट मिला, जिसमें अश्लील शब्दों में रात में मिलने की बात सहित कुछ अन्य गंदे शब्द लिखे हुए है। आरोपी परमेश्वर के घर वालों को समझाने पर उनके द्वारा उसे झूठे केस में फंसा देने की बात कही गयी। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।। प्रकरण में विवेचना के दौरान पीडिता की सहमति प्राप्त कर उसका चिकित्सकीय मुलाहिजा करवाया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर द्वारा पीडिता का धारा 164 द.प्र.सं. के अंतर्गत कथन लेखबद्ध किया गया। अपराध विवरण फार्म एवं घटना स्थल का नजरी नक्शा तैयार किया गया तथा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो), जांजगीर अनिल कुमार बारा ने आरोपी परमेश्वर जांगड़े पिता भरत जांगड़े, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम मुड़पार थाना नवागढ़ को भादवि की धारा 363 के अपराध के लिए 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 सौ रुपए के अर्थदण्ड, धारा 366 के अपराध के लिए 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 सौ रुपए अर्थदण्ड, धारा 376 (2) (आई) (एन) के अपराध के लिए 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए अर्थदण्ड तथा धारा 376 (3) के लिए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 सौ रुपए अर्थदण्ड, धारा 354क के अपराध के लिए 1 वर्ष के सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए तथा पाक्सो एक्ट की धारा 6 के अपराध के लिए 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 5 सौ रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर 1 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगताये जाने का आदेश दिया गया है। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से चंद्र प्रताप सिंह विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो), जांजगीर ने पैरवी की।

### हीट स्ट्रोक एवं बचाव के उपाय के संबंध में गाइडलाइन जारी

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि हिट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का तापमान 40°C या 104°F से ज्यादा हो तो हीट वेव (लू) की स्थिति उत्पन्न होती है, इसका असर बच्चों, बुजुर्गों एवं गंभीर लक्षण बीमारी वाले लोगों में सर्वाधिक होता है। इसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना, लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी हो जाना होता हैं। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें,

# पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जब्त ट्रक को कर रहे राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पीथमपुर मेन रोड के पास जब्त किए गए ट्रक को राजसात करने की कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है।

इस संबंध में सूचना भी जारी की गई है। जांजगीर थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि थाना जांजगीर के अपराध क्रमांक 698/2023 धारा छग पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत ट्रक क्रमांक सीजी 15 डी 9955 को जब्त किया गया था। उक्त वाहन में मवेशियों को ठूंस ठूंस करके भरा गया था और उसके पलटने से 8 भैसा व 2 भैंसी की मौके पर मौत




हो गई थी। वाहन में कुल 27 मवेशी ठूंस ठूंस कर भरे गए थे। इस मामले में जब्त वाहन को राजसात करने की कार्रवाई न्यायालय कलेक्टर द्वारा की जा रही है। इसके लिए वाहन मालिक शुनेश्वर यादव को सूचना पत्र जारी करके 25 अप्रैल 2025 को 3 बजे तक उपस्थित होने कहा गया है।

## खबर संक्षेप




### चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर संचालित हुए निगम के प्याऊ

**कोरबा।** बढ़ती गर्मी में राहगीरों, जरूरतमंदों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी जोन के प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अस्थाई प्याऊ स्थापित किए गए हैं। साथ ही अन्य स्थानों पर भी प्याऊ स्थापित कराए जा रहे हैं ताकि राहगीरों, नागरिकों को ठंडा पेयजल सुगम रूप से उपलब्ध हो सके। महापौर एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा बढ़ती गर्मी के मद्देनजर चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अस्थाई प्याऊ खोलने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए गए थे, निगम के सभी जोनांतर्गत प्रमुख चौक-चौराहों पर प्याऊ का संचालन आज से प्रारंभ कर दिया गया है। महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन अस्थाई प्याऊ घरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए तथा घड़ों में प्रतिदिन शुद्ध एवं ताजा पानी डाल कर रखा जाए, ताकि लोगों को इन प्याऊ घरों के माध्यम से शुद्ध व ताजा ठंडा पेयजल पीने हेतु मिल सके। उन्होने आवश्यकतानुसार और अधिक चौक-चौराहों में अस्थाई प्याऊ खोलने तथा पूरे ग्रीष्म ऋतु में उनका नियमित संचालन कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।

### बीमार मां का उपचार कराने गई सहायिका को सुपरवाईजर ने थमाया नोटिस

**कोरबा।** कटघोरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले चाकाबुड़ा सेक्टर की एक आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका को अपनी बीमार मां को देखने जाना और उपचार कराना भारी पड़ गया। केंद्र में अनुपस्थित पाकर सेक्टर सुपरवाइजर ने आंगनबाड़ी की सहायका को नोटिस थमाते हुए अभद्रतापूर्वक व्यवहार किया। जिसकी शिकायत सहायिका के द्वारा जिला प्रशासन से की है। चाकाबुड़ा सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र आमापुर में सहायिका के पद पर पदस्थ गीता बाई पदस्थ है। 14 अप्रैल को शासकीय छुट्टी थी उसके एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को उसकी मां की तबियत खराब होने पर वह अपने भाई के साथ उपचार के लिए मां को अस्पताल में भर्ती कराने कांजीपानी गई हुई थी। इस दौरान 14 अप्रैल को चाकाबुड़ा सेक्टर के पर्यवेक्षक रामकुमार यादव शासकीय अवकाश के दिन भी आंगनबाड़ी केंद्र आमापुर निरीक्षण करने पहुंची और सहायिका को अनुपस्थित देख मोबाइल फोन में अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी दी गई। लगातार इस तरह के अभद्र व्यवहार किए जाने से सहायिका सीताबाई मानसिक रुप से प्रताड़ित है जिसकी शिकायत उन्होंने जिला प्रशासन एवं परियोजना अधिकारी कटघोरा में भी की है। पत्र में उसने शासकीय अवकाश का हवाला देते हुए कहा है कि अवकाश के दिन किस नियम के तहत निरीक्षण कर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर उनकी नौकरी को खतरे में डाला गया है।

## 15 दिनों में मांगों का निराकरण नहीं तो 7 मई को फिर होगा खदान बंदी आंदोलन

# भूविस्थापितों ने कुसमुंडा व गेवरा खदान में किया बंद, कोल उत्खनन व डिस्पैच कार्य बाधित



हड़ताल से खदान में खड़े कोयला लदे वाहन।




प्रदर्शन करते किसान सभा के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की खदानों से प्रभावित भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में कुसमुंडा व गेवरा खदान बंदी आंदोलन शुरू कर दिया। आंदोलन की वजह से कुसमुंडा व गेवरा खदान में घंटों तक कोल उत्खनन व परिवहन कार्य बाधित रहा। भूविस्थापितों के आंदोलन को देखते हुए प्रबंधन ने एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय में चर्चा के साथ 10 दिनों के भीतर लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण के आश्वासन के बाद भूविस्थापितों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। भूविस्थापितों ने 15 दिनों में मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 7 मई को फिर खदान बंदी आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खास बात**

- एसईसीएल मुख्यालय में 10 दिनों के भीतर मांगों को पूरा करने के आश्वासन पर आंदोलन हुआ समाप्त

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ द्वारा एसईसीएल के खदानों से प्रभावित भू विस्थापित किसानों की 10 सूत्रीय मांग को लेकर एसईसीलए के सीएमडी को खदान बंदी आंदोजन की चेतावनी दी गई थी। इसी कड़ी में एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा क्षेत्र के प्रभावित गांव के भूविस्थापितों ने लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण, खमहरिया की जमीन किसानों को वापस करने, आउट सोर्सिंग कार्यों में प्रभावित भूविस्थापितों को रोजगार प्रदान करने, लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण, नए पुराने नाम पर मुआवजा कटौती बंद करने, विस्थापित सभी परिवार को बसावट देने एवं बसावट गांव में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की मांग को लेकर कोल इंडिया के मेगा प्रोजेक्ट कुसमुंडा खदान में मंगलवार की सुबह 6 बजे से कोल परिवहन बाधित कर हड़ताल शुरू कर दिया। वहीं कुछ घंओं बाद गेवरा खदान में भी भूविस्थापितों ने कोल परिवहन बाधित कर दिया। भूविस्थापित दोनों खदानों के अलग-अलग फेस में पहुंचे और खदान में कोयला परिवहन कर रहे भारी मालवाहक वाहनों को रोक कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भूविस्थापितों के आंदोलन की वजह से गेवरा व कुसमुंडा खदानों में घंटों तक कोयला उत्खनन व डिस्पैच कार्य बाधित रहा। आखिरकार प्रबंधन हरकत में आया और भूविस्थापितों को एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय में चर्चा के साथ 10 दिनों के भीतर लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण के आश्वासन का आश्वासन दिया। प्रबंधन के लिखित आश्वासन के बाद आखिरकार भूविस्थापितों ने अपना खदानबंदी आंदोलन समाप्त कर दिया। जिसके बाद खदानों में कतार लगाकर खड़े कोयला लोड वाहनों का परिवहन शुरू हुआ। हालांकि भूविस्थापितों ने 15 दिनों में मांगों का निराकरण नहीं होने पर 7 मई को फिर खदान बंदी आंदोलन की चेतावनी दी है।

### खदान में घुसकर कोयला परिवहन रोकने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

कुसमुण्डा थाना क्षेत्र निवासी संजय कुमार दुबे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एसईसीएल कुसमुण्डान क्षेत्र में क्षेत्रिय सुरक्षा इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। 22 अप्रैल को प्रातः 6 बजे 240 टन पार्किंग के पास चांदनी चौक कुसमुण्डाक खदान में प्रशांत झा की अगुवाई में लगभग 25-30 महिला पुरूष अनाधिकृत रूप से खदान में प्रवेश कर कोयला परिवहन बंद करा दिया गया। जिससे एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र को काफी आर्थिक क्षति उठाना पड रहा है। जिसकी रिपोर्ट पुलिय ने प्रशांत झा, लम्बोकदर श्या म आ. टिकैत राम, दामोदर, रघुनंदन, फिरत लाल, उत्त्म लाल, दीनानाथ, अनिल बिंझवार, रेशम लाल यादव, रघु, विजय आ. गोरे लाल, मुनीराम , विनोद कुमार कश्यप सहित अन्य लोगों के खिलाफ धारा 191, 324, 329 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# सर्पदंश से किशोरी की तो फांसी लगाकर छात्र ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो किशोरी की मौत हो गई है। जहां एक कक्षा 9वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है तो वहीं दूसरी ओर एक 17 वर्षीय किशोरी को एक जहरीले सर्प ने डस लिया जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदरापारा की है। यहां निवासरत जानवी राजपूत 15 वर्ष पिता शिवम राजपूत कक्षा 9वीं की छात्रा थी जिसका कुछ दिन पहले ही स्कूल में रिजल्ट आया था जिसमें उसने अच्छे अंकों से उत्तीर्ण भी कर लिया था लेकिन न जाने ऐसा क्या हुआ कि जानवी ने अपने घर के म्यार में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब परिजनों को पता चला तो उनके होश उड़ गए और आनन फानन में फंदे से नीचे उतारकर जानवी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन भी सकते में है कि आखिर जानवी ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठा लिया। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि जानवी को जिन अंकों से उत्तीर्ण होना था उस अंकों में उत्तीर्ण नहीं हुई जिससे संभवतः उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। दूसरी घटना कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदेव की है। यहां निवासरत भारती कुमारी 17 वर्ष पिता लखनलाल को एक जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजनों को पता चलने पर उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### संविधान गौरव अभियान के तहत कुर्रे सम्मानित

**कटघोरा।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर सतनामी समाज के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री संतोष देवांगन एवं मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग अपनी पूरी टीम के साथ सत्य विकास समिति कटघोरा के अध्यक्ष, अधिवक्ता रामविलास कुर्रे के कार्यालय पहुंच कर साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री संतोष देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा ही बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के मार्गदर्शन पर गरीबों, वंचितों के विकास की लेकर कार्य कर रही है, संविधान को लेकर विपक्षी दल हमेशा षडयंत्र रच कर लोगों को गुमराह कर रही है, संविधान हम सभी का गौरव है इसके साथ चलकर ही हमे आगे बढ़ना है, राष्ट्र को आगे बढ़ाना है, इस दौरान वार्ड पार्षद राजू दिवान, डाकेश्वर शुक्ला, समजीत सिंह, राजेंद्र टंडन उपस्थित रहे।

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

# सीजी बोर्ड से मान्यता लेकर निजी स्कूल चला रहे निजी प्रकाशकों की किताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग से मान्यता लेकर निजी स्कूल चलाने वाले कमेटियों के द्वारा निजी प्रकाशकों की किताबें चलाए जाने से अभिभावकों पर सिलेबस के खर्च पर भारी दबाव पड़ रहा है। जबकि शासन की ओर से निःशुल्क किताब योजना अंतर्गत निजी स्कूलों को भी अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम की किताबें उपलब्ध कराई जाती है। उसके बाद भी निजी स्कूल प्रबंधन मनमानी करते हुए निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने अभिभावकों को मजबूर कर रहे हैं। प्रायवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावकों को सामने इस समय सिलेबस का खर्च भारी पड़ रहा है। जिले में चलने वाले सभी प्रायवेट स्कूलों को राज्य शासन से मान्यता दी गई है। राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली सभी तरह की सुविधाएं निजी स्कूल प्रबंधन उठाते हैं। मान्यता लेने के बावजूद निजी स्कूल प्रबंधन अपनी मनमर्जी से सिलेबस तैयार कर अभिभावकों को किताबें खरीदने में मजबूर करते हैं। जबकि राज्य शासन का स्कूल शिक्षा विभाग निजी स्कूलों को मान्यता देता है व निःशुल्क किताबें उपलब्ध कराता है उसके बाद भी निजी स्कूल प्रबंधन शासन के सिलेबस के अलावा अपना शैक्षणिक स्तर ऊंचा दिखाने के लिए तमाम तरह की निजी प्रकाशकों की किताबें सिलेबस में शामिल कर अभिभावकों के उपर उन्हें खरीदने के लिए दबाव बनाता है।

**खास बातें**

- शासन के द्वारा नि :शुल्क किताबों की सुविधा निजी स्कूलों को भी जाती है
- अभिभावकों में निजी स्कूलों के सिलेबस का पड़ रहा भारी दबाव

### पुलिस ने 130 गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल किया बरामद

**कोरबा।** कोरबा पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश हेतु चलाए जा रहे सतत एवं संवेदनशील प्रयासों के अंतर्गत 1 जनवरी से अब तक कुल 130 गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद किया गया है। बरामद किए गए व्यक्तियों में 12 बालक, 29 बालिकाएं, 41 पुरुष, 58 महिलाएं शामिल हैं। जिला पुलिस द्वारा बरामद सभी व्यक्तियों को परिजनों के सुपुर्द किया गया है। इस कार्य में जिले के समस्त पुलिस थानों की सक्रिय भागीदारी रही है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र /ब-121/2024-2025
ग्राम-कड़ारी तहसील-सारागांव
आवेदक दीपक कुमार उम्र 23 वर्ष पिता श्री भुवनेश्वर जाति तेली निवासी ग्राम कड़ारी तहसील सारागांव थाना बाराद्वार जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका अन्नू उम्र 22 वर्ष पिता श्री रामकुमार जाति मरार निवासी ग्राम रोगदा (कोथारी) तहसील बरपाली थाना उरगा जिला कोरबा (छ.ग.)
बनाम
छत्तीसगढ़ शासन
ईश्तहार
आम जनता ग्राम कड़ारी तहसील सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार उम्र 23 वर्ष पिता श्री भुवनेश्वर जाति तेली निवासी ग्राम कड़ारी तहसील सारागांव थाना बाराद्वार जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका अन्नू उम्र 22 वर्ष पिता श्री रामकुमार जाति मरार निवासी ग्राम रोगदा (कोथारी) तहसील बरपाली थाना उरगा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 21/05/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 15/04/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।





दीपक कुमार अन्नू
विवाह अधिकारी
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 116/ब-121/2024-2025
ग्राम अकलतरा तहसील अकलतरा
आवेदक श्री किशन लाल उम्र 75 वर्ष पिता स्व. श्री प्यारेलाल जाति धोबी एवं आवेदिका श्रीमती श्यामाबाई उम्र 60 वर्ष पति श्री किशन लाल जाति धोबी दोनो निवासी ग्राम अकलतरा तहसील व थाना अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) बनाम छत्तीसगढ़ शासन
ईश्तहार
आम जनता ग्राम अकलतरा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतंद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री किशन लाल उम्र 75 वर्ष पिता स्व. श्री प्यारेलाल जाति धोबी एवं आवेदिका श्रीमती श्यामाबाई उम्र 60 वर्ष पति श्री किशन लाल जाति धोबी दोनो निवासी ग्राम अकलतरा तहसील व थाना अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 21/05/2023 को स्थान-रंगमहल चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 21/05/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 15/04/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
विवाह अधिकारी
जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

# 6 आरोपियों के कब्जे से 61 लीटर अवैध शराब जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में थाना हरदीबाजार, उरगा एवं करतला पुलिस द्वारा कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान कुल 61 लीटर कच्ची देशी महुआ शराब, शराब निर्माण हेतु प्रयुक्त उपकरण तथा एक मोटरसाइकिल जप्त की गई। पकड़े गए आरोपियों में थाना हरदीबाजार में ग्राम रामपुर निवासी मोतीलाल मरावी उम्र 50 वर्ष पिता बोधन सिंह मरावी, रामलाल कुर्रे उम्र 50 वर्ष पिता उमेद राम कुर्रे, श्रवण कुमार मरकाम उम्र 43 वर्ष पिता शत्रुघ्न मरकाम, कृष्णनंद पोर्ते उम्र 45 वर्ष पिता स्व. छेदीलाल पोर्ते के कब्जे से अवैध शराब जप्त किया गया है तथा एक हीरो डिलक्स मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। इसी तरह उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरीडीह निवासी रामेश्वर प्रसाद सोनवानी, उम्र 40 वर्ष पिता तुझे राम तथा थाना करतला क्षेत्र से ग्राम रीवाबाहर निवासी फोटू राम सतनामी, पिता इतवारी सतनामी के कब्जे से अवैध शराब जप्त किया गया है।

### तेज गर्मी के बीच स्कूलों में 25 से अवकाश घोषित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए विद्यालयों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। पूर्व आदेश में 20 सितंबर 2024 के अनुसार यह अवकाश 1 मई से 15 जून तक निर्धारित था। अब संशोधित आदेश के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश 25 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 जून तक रहेगा। यह संशोधन शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त तथा अशासकीय सभी शालाओं पर लागू होगा। शिक्षकों पर यह आदेश लागू नहीं होगा और पूर्व आदेश की अन्य सभी शर्तें यथावत बनी रहेंगी। छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है ताकि उन्हें गर्मी से होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके। छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विद्यालयीन छात्रों को बड़ी राहत दी है। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए प्रदेश के सभी विद्यालयो में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्कूलों को आदेश भी जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार 25 अप्रैल से 15 जून तक गर्मी की छुट्टी रहेगी। जिले में पिछले एक सप्ताह में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक चल रहा है। झुलसे गर्मी में नौनिहाल स्कूलों से घर पहुंच रहे थे। 22 अप्रैल को जिले का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिसे देखते हुए अभिभावकों ने स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग की थी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन
पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन
पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसुति रोग विभाग
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैंसर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Cosmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतों की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन



# 'रेट्रो' का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म 'रेट्रो' का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। 'रेट्रो' एक मई को रिलीज होने वाली है। 'रेट्रो' के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

लाइफ Style



# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम 'सैयारा' है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, "फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।

## हॉलीवुड मसाला



# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है 'नागजिला'। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# 'डॉन-3' में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'डॉन 3' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

## टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो 'लाफ्टर शेफ' में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें



निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, 'शादी कब कर रही हैं?' वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, 'आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।' इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।' शो 'लाफ्टर शेफ'में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। 'एक हजारों में मेरी बहना है' जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

# अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, 'वह



मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!' अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।

# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। 'कल्पना' बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।



### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।

### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# 'आमा-बुबू' की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स' के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म 'पायर' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। 'पायर' फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म 'पायर' को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर '28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को '16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## 'ग्राउंड जीरो' में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। 'ग्राउंड जीरो'से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*

**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।




**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर 'मिशन कश्मीर' उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।



**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 'शिकारा' भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म 'फितूर' की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म 'कश्मीर की कली' में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



## खबर संक्षेप

### सभापति के प्रयास से कर्रा के टिकरी पारा में लगा ट्रांसफार्मर



**जांजगीर-चाम्पा।** नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कर्रा के टिकरी पारा में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू के प्रयास से नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगावा गया। गौरतलब हो कि कर्रा के टिकरी पारा के ग्रामीणों को 2 साल बिजली की समस्या से झूझ रहे थे। इस समस्या को देखते हुए सभापति राजकुमार साहू द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए विधुत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया और ग्रामीणों की मांग अनुरूप टिकरी पारा में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर लगाने से अब ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में बिजली की समस्या से नहीं जुझना पड़ेगा। ट्रांसफार्मर लगने उपरांत सभापति श्री साहू का ग्राम पंचायत के सरपंच शिव कुमार कश्यप, शेषनाथ कश्यप, नवल ताम्रकार, हरिशंकर गढ़ेवाल, लक्ष्मीनारायण कश्यप, सुरेश कश्यप, गणेश कश्यप, श्रवण कश्यप, रामचन्द्र कश्यप, विजय कश्यप, मंगल कश्यप, रथराम कश्यप ने आभार व्यक्त किये हैं।

### मेमन ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

**चाम्पा।** जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद इब्राहिम मेमन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए



आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के लिए संवेदना जताई है। मेमन ने कहा कि यह घटना पूरे देश को झकझोर देने वाली है और इसने केंद्र सरकार के उस दावे पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि कश्मीर घाटी में अब शांति लौट आई है। उन्होंने केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीर में आम नागरिक सुरक्षित नहीं हैं, तब तक शांति के दावे सिर्फ एक भ्रम हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवाद पर कड़ी और प्रभावी कार्रवाई करने की मांग भी की। यह हमला राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती देने वाली गंभीर घटना है, जिस पर सख्त और पारदर्शी कार्रवाई की आवश्यकता है।

### प्रभारी प्राचार्य के व्यवहार से क्षुब्ध शिक्षिका पहुंची कलेक्टर जनदर्शन में

**मालखरौदा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आड़िल स्कूल में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती चंद्रकला गबेल ने स्कूल के प्रभारी प्राचार्य के व्यवहार से परेशान क्षुब्ध होकर 22 अप्रैल को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंच कर आवेदन दिया। साथ ही जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग किया। शिकायकर्ता व्याख्याता श्रीमती चंद्रकला गबेल ने बताया है कि शारीरिक अस्वस्थता के कारण 16 नवंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 तक कुल 48 दिन मेडिकल अवकाश में थी तथा स्वास्थ्य ठीक होने के उपरांत 3 जनवरी 2025 से कर्तव्य पर उपस्थित होकर शाला में कार्यभार ग्रहण कर चुकी है। अवकाश स्वीकृति हेतु शिक्षिका के द्वारा आवश्यक मेडिकल प्रमाण पत्रों के साथ प्रभारी प्राचार्य तथा जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती को आवदेन दी जा चुकी है बावजूद आज पर्यंत शिक्षिका का अवकाश न तो स्वीकृत किया गया है और न ही अवकाश अवधि का वेतन भुगतान किया गया है।

## निधन

### श्रीमती फटकन बाई साहू

**अकलतरा।** ग्राम देवकिरारी की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती फटकनबाई साहू का 79 वर्ष की उम्र में



निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे डाकेश साहू एवं रामप्रसाद साहू की मां थी। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र राकेश साहू ने प्रदान की।

### नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत के साथ कांग्रेसियों ने जय स्तंभ प्रांगण में कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

# जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की सर्वत्र हो रही निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायराना पूर्ण कार्य करते हुए अंधाधुंध गोलियां चला कर देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशी पर्यटकों सैलानियों को मार दिया गया जिसमें पूरा देश गमगीन है। देश में हुए आतंकी हमले का छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने जिला कांग्रेस द्वारा बुधवार 23 अप्रैल को जांजगीर के कचहरी चौक स्थित जय स्तंभ प्रांगण में आयोजित कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर आतंकी हमले की निंदा की और शोक संतप्त पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित किए। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र या राज्य के भाजपा सरकार के हाथों देश सुरक्षित नहीं है। लगातार आतंकवादी, नक्सलवादी घटनाएं बढ़ रही है और निर्दोषों को मारा जा रहा है। देश और राज्य का कानून व्यवस्था बिगड़ गया है। कार्यक्रम के पूर्व केंडल जलाकर , मृतकों श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य एवं पिछड़ा वर्ग विभाग जिला अध्यक्ष लोकेश राठौर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजू शर्मा, सेवादल के जिला अध्यक्ष देव कुमार पांडे, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, राजेश अग्रवाल, इब्राहिम मेमन, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी, विवेक सिसोदिया, गुलजार सिंह, देवेश सिंह, ऋषिकेश उपाध्याय, पप्पू खान, रफीक खान, अजीत सिंह राणा, परमेश्वर निर्मले, पवन कश्यप, आकाश तिवारी, पंकज शर्मा, गुलशन सोनी, नागेश्वर शुक्ला, किशन सोनी, नागेंद्र गुप्ता, विजय प्रकाश तिवारी, शांति साहू, पार्षद विष्णु यादव, रक्षा सिंह, देवराज सिंह, अक्षय टेकाम, जगदीश्वरी सूर्यवंशी, अरमान खान, हरीश पांडे, ऋषिकेश उपाध्याय, रामविलास राठौर, प्रीतम कश्यप, महेंद्र कश्यप, अनिल राठौर, मनोरमा पाटेकर, वर्षा सिंह, हेमलता राठौर उपस्थित थे।




जय स्तंभ प्रांगण में आतंकवादी हमले में मृत पर्यटकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते डॉ. महंत व कांग्रेसी।

### मुस्लिम समाज ने दी श्रद्धांजलि

काश्मीर पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकवादीयो द्वारा 28 निर्दोष लोगो के हत्या की स्थानीय मुस्लिम समाज ने निंदा करते हुए जांजगीर स्थित शहीद



स्मारक में कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही आतंकवाद की घोर निंदा करते हुए ऐसी घंटनाओं पर लगाम लगाने और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की । इस अवसर पर छ छग मुस्लिम समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इब्राहिम मेमन संस्था के रफीक सिद्दीकी,अब्दुल रशीद (पप्पू) खान,शब्बीर कुरैशी,हाजी गुलजार साहब,रफिक खान,सदर डा शरीफ कुरैशी,शहबाज खान,अनवर खान,आशु कुरैशी, अहमद रजा मोंटू,गुलाम रसूल,राजू खान,जावेद कुरैशी,राजू कापर,गुड्डा खान,अब्दुल रब (टीपू), मेहराब खान,सलीम खान,आरिफ खान,जाहिद खान, अफजल खान,अतहार रजा, रईस, हसन,शिबू, इरफान, इमरान एवं मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।



## सेमी फाइनल में जिले की टीम ने रायगढ़ को 6 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- इंटर डिस्ट्रिक्ट 20-20 क्रिकेट : जांजगीर-चांपा टीम एलिट पुल के लिए क्वालीफाई

इंटर डिस्ट्रिक्ट 20-20 क्रिकेट में अपने सभी मुक़ाबले जीतकर जांजगीर चांपा ने एलीट ग्रुप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। सेमी फ़ाइनल में रायगढ़ को छह विकेट से शिकस्त देकर टीम ने शानदार प्रदर्शन किया ।

सेमी फाइनल मुकाबले में रायगढ़ टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जो सही साबित नहीं हुआ शुरुआत में जांजगीर चांपा जिले के तेज गेंदबाज हर्ष राठौर ने दोनों ओपनर को आउट कर शुरुआती झटका दिए रायगढ़ टीम यह झटका झेल नहीं पाई एवं जांजगीर-चांपा के गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए रायगढ़ टीम को महज 93 रनों पर आल आउट कर दिया। सेमी फाइनल मैच के हीरो आदित्य यादव ने 4 विकेट लिए एवं दुर्गेश सोनवानी जिन्होंने 3 विकेट लिए। जांजगीर चांपा जिले की ओर से हर्ष राठौर ने दो, लब्याम राजपूत ने एक, आदित्य यादव ने चार, एवं दुर्गेश सोनवानी में तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जांजगीर-चांपा टीम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर यह स्कोर आसानी से पूरा कर लिया जांजगीर-चांपा टीम की ओर सेज्ञानेंद्र सिद्धार्थ ने 15, दिग्विजय सिंह ने 14, सहबान खान ने 17 , आयुष -27 , सुधांशु 14 रनों का योगदान दिया एवं टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के शानदार प्रदर्शन पर जांजगीर-चांपा टीम के कोच आशुतोष पांडेय ने बताया कि टीम काफी एकजुट होकर खेली तभी यह मुकाम संभव हो पाया और आगे भी अब यह टीम और अच्छा खेलेगी खिलाड़ियों का फिर से कैंप लगाकर उन्हें एलीट पुल के मेचो के लिए तैयार किया जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पद्मेश शर्मा ने जानकारी दी की एलीट पुल के मैच 27 अप्रैल से शुरू होगा। जांजगीर चांपा जिला का मुकाबला 27 अप्रैल को होगा जिसके लिए टीम का पुनः कैंप 23 अप्रैल से मिनी स्टेडियम पेंन्डी में लगाया जा रहा है एवं खिलाड़ियों को विशेष सुविधा ट्रेनिंग के लिए दी जाएगी ताकि एलिट के पुल में टीम और अच्छा परफॉर्मेंस करपाए।

### एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पास कर महामहिम राष्ट्रपति को किया प्रेषित

**अकलतरा।** एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में जनपद पंचायत अकलतरा के सभागार में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुकून देव अघरिया, उपाध्यक्ष कमलेश पाटले एवं सदस्यों के द्वारा बहुमत के साथ प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव पारित करने के बाद इसे भारत के राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया। एक देश एक चुनाव अभियान के जिला इकाई के सदस्य नंद चौधरी ने बताया किदेश को आर्थिक रूप से बचाने की दृष्टि से देश में एक राष्ट्र एक चुनाव वन नेशन वन इलेक्शन की सक्रिय चर्चा पूरे देश में हो रही है। समस्त चुनाव को एक साथ कराया जाएगा तो पूरे भारत में धन की बचत होगी। सुरक्षा बलों की ड्यूटी में तैनाती ,शासकिय कर्मचारी गण को प्रशिक्षण , निर्वाचन कार्य में लगाया जाना,यातायात के लिए साधन उपलब्ध कराना शाहिद विभिन्न लगातार पूरे वर्षों में लगा रहता है। किसी वर्ष किसी राज्य में चुनाव,किसी वर्ष किसी अन्य राज्य में चुनाव होता है जिससे देश में चुनावी मे अत्यधिक राशि खर्च होती है। यदि एक बार में पूरे भारत में ,निर्वाचन कराया जाता है तो हमारे देश में होने वाले खर्च की बचत होगी एवं बचत राशि का उपयोग जनहित एवं कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में किया जा सकता है। नंद चौधरी ने जनपद पंचायत अकलतरा के सदस्य गण अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं प्राधिकृत अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया है एवं देशवासियों से अपील की है की एक देश एक चुनाव के समर्थन में अपनी बात महा महिम राष्ट्रपति तक पहुंचाएं।

## परशुराम जयंती मनेगी 30 को, निकलेगी शोभायात्रा व होगा उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- भगवान परशुराम युवा ब्राम्हण संगठन व मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ करेगा विविध आयोजन

स्थानीय भगवान परशुराम ब्राम्हण युवा संगठन तथा मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ द्वारा विप्र कुलभूषण व भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती आगामी बुधवार 30 अप्रैल को परंपरानुसार अलग-अलग मनायी जाएगी। इस अवसर पर दोनो ही संगठनों द्वारा भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। साथ ही भगवान परशुराम ब्राम्हण युवा संगठन द्वारा शासकीय चिकित्सालय के पास स्थित भगवान परशुराम भवन में विप्र बालकों के सामुहिक उपनयन संस्कार तथा समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा।

विप्र कुलभूषण भगवान परशुराम जी की जयंती इस वर्ष अक्षय तृतीया के दिन बुधवार 30 अप्रैल को परंपरानुसार धूमधाम से मनायी जाएगी। स्थानीय भगवान परशुराम ब्राम्हण युवा संगठन द्वारा शासकीय चिकित्सालय के पास स्थित भगवान परशुराम भवन में इस वर्ष मंगलवार 29 अप्रैल तथा बुधवार 30 अप्रैल को परशुराम जयंती तथा उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 54 बटुकों का पंजीयन किया जा चूका है जबकि लक्ष्य 51 बटुकों का रखा गया था। इस वर्ष छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजति हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी की परीक्षाओं में 85 प्रतिशत और उससे अधिक अंक



अर्जित करने वाले समाज के विद्यार्थियों तथा परशुराम भवन निर्माण में योगदान करने वाले दान दाताओं का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम बुधवार 30 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे से परशुराम भवन में आयोजित किया गया है। संगठन द्वारा भोजन, पेयजल, पंजीयन, झांकी, महाआरती सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी और सहप्रभारी सहित समाज के लोगो की समिति का गठन किया गया है। मंगलवार 29 अप्रैल को सायं 4 बजे बटुकों का एकत्रीकरण, पूजन एवं संस्कार क्रिया प्रारंभ होगी। बुधवार 30 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से त्रिमुंडन तथा 9 बजे से ब्राम्हण भोजन व 10 बजे से भिक्षाटन होगा। इस दिन अपरान्ह 3 बजे से प्रतिभावान विद्यार्थियों सहित परशुराम भवन के निर्माण में दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा। इस दिन सायं 5 बजे परशुराम जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। सायं 7 बजे अतिथि द्वारा ध्वजा पूजन एवं भगवान परशुराम जी की महाआरती के बाद उपस्थितों में प्रसाद वितरण कर समारोह का समापन किया जाएगा। उधर स्थानीय मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ द्वारा बुधवार 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से परंपरानुसार मनायी जाएगी। इस दिन प्रातः 9:30 बजे श्याम मंदिर मोदी चौक से भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो हटरी बाजार स्थित श्री शिव मंदिर पहुंचेगी। यहां भगवान परशुराम जी की आरती पश्चात उपस्थितों में प्रसाद वितरण किया जाएगा। शोभायात्रा का मार्ग में अनेक जगहों पर शीतल पेयजल व शर्बत आदि से स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा में शामिल होने वाले पुरूषों के लिए सफेद रंग का कुर्ता-पैजामा व पेंट-शर्ट और विवाहित महिलाओं के लिए पीले रंग की साड़ी सहित अविवाहित कन्याओं के लिए पीले या सफेद रंग की सलवार-कुर्ती का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है।

### ग्रीष्मकालीन धान की समर्थन मूल्य पर की जाए खरीदी

**अकलतरा।** ग्रीष्म कालीन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी और आवारा मवेशियों की समस्या के स्थायी निपटान की मांग को लेकर लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की आम सभा, शास्त्री चौक पर हुई। सभा को संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर ने खेती किसानी से जुड़ी समस्याओं का जिक्र करते हुए केंद्र और राज्य सरकार को जम कर घेरा। उन्होंने रबी के धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर नहीं किये जाने को किसान विरोधी बताते हुए कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि शासकीय नीतियां हाथी की दांत है जो दिखती और है होती कुछ और है। अगर सरकार की नीयत साफ है और इरादा किसानों की भलाई है तो खरीफ के धान जैसे रवि के धान को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाना चाहिए। रघु ठाकुर ने संघर्ष मंच पर कांग्रेस और वामपंथियों दलों के जुझारू अरुण राणा, अशोक अग्रवाल , चंद्र प्रकाश लवानिया का सम्मान करते हुए कहा कि अगर सभी संगठन मिल कर संघर्ष करेंगे तो व्यवस्था परिवर्तन के संघर्ष को बल मिलेगा और देश बीमारू सोच से मुक्त होकर , समता के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ेगा। कार्यक्रम के अंत में लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष फेकन सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## पत्रकार संघ ने मारपीट एवं लूटपाट के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शास्त्री चौक में 21 अप्रैल को यातायात जाम और युवक द्वारा मारपीट की घटना की कवरेज करने पहुंचे पत्रकार हितेश पालीवाल के साथ पांच युवकों ने गाली-गलौज कर मारपीट एवं लूटपाट की। । इस घटना को लेकर प्रेस क्लब अकलतरा ने थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय को ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि छत्तीसगढ़ पत्रकार सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध सख्तकरवाई किया जाए।

वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि 21 अप्रैल को शास्त्री चौक में कुछ युवकों ने रास्ता जाम किया। यातायात बाधित होने पर पत्रकार हितेश पालीवाल मौके पर पहुंचे। फोटो खींचते समय युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज करमारपीट की। घटना से नगर के पत्रकारों में आक्रोश है। सौरभ जैन ने कहा कि देश के चौथे स्तंभ पत्रकारिता की स्वतंत्रता को बाधित करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अविनाश सिंह ने बताया कि मारपीट के बाद आरोपी पत्रकार के घर के सामने जाकर भी गाली-गलौज करते रहे। इससे परिवार में भय का माहौल है। आरोपियों द्वारा नगर में लगातार लोगों को डराया-धमकाया जा रहा है। मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग की गई। प्रेस क्लब ने ज्ञापन में यह भी मांग की कि नगर में बिना साइलेंसर और तेज रफ्तार से वाहन चलानेवालों के वाहन जब्त किए जाएं। शास्त्री चौक में सुबह-शाम लगने वाले जाम को रोकने के लिए पुलिस स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए। फल-सब्जी के ठेले और बेजा कब्जे हटाए जाएं। थाना प्रभारी ने सभी मांगों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में सीता टंडन, शैलेंद्र श्रीवास, नीलेश सिंह, सुबोध थवाईत, यशपाल शर्मा, रूपेश कंवर और मनोज साहू शामिल थे।



थाना प्रभारी से चर्चा कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते पत्रकार।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई। कलेक्टर ने संबंधितों को प्राप्त आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जनदर्शन में आवेदन करने पहुंचे जैजैपुर अंतर्गत ग्राम कचंदा निवासी श्रीमती कचरा बाई जांगड़े और सहरु राम जांगड़े द्वारा ट्राईसाइकल का आवेदन देकर मांग करने पर तत्काल समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक सुनील मिश्रा को निर्देशित कर तुरंत ट्राईसाइकल दिलाई। जनदर्शन में तत्काल ट्राईसाइकल मिलने पर दोनों ही दिव्यांग हितग्राही बहुत ही खुश हुए और कलेक्टर अमृत विकास तोपनो का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार जनदर्शन में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




जनदर्शन में लोगों की समस्या सुनते कलेक्टर।

# संसार के समस्त दु:खो से छुटकारा पाना चाहते हैं तो हनुमान जी की करें पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- सिद्ध हनुमान मंदिर में हुई 101 वीं महाआरती

श्री सिद्ध हनुमान मंदिर सक्ती में 101 महाआरती 22 अप्रैल मंगलवार की शाम श्री दूधाधारी मठ रायपुर एवं श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास के सानिध्य में हुई। यहां पहुंचने पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार के सभी सदस्यों एवं अन्य लोगों के द्वारा उनका स्वागत किया गया।

राजेश्री मौलीश्वर महादेव के दर्शन करपूजा अर्चना किया। इसके बाद राजेश्री मां महामाया देवी मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना किया। बैगा के द्वारा राजेश्री को माता के आशीर्वाद स्वरूप चुनरी भेट किया। इसके बाद हनुमान गेट पहुंचने पर यहां हाईकोर्ट अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने उनका पुष्पहार से स्वागत किया। पुजारी ओमप्रकाश वैष्णव ने सभी को तिलक लगाया। पुजारी ने मंदिर का पट बंद कर हनुमान जी का श्रृंगार कर कुछ समय बाद खोला तो सभी ने श्री सिद्ध हनुमान जी का अलोकिक श्रृंगार के दर्शन प्राप्त किया। फिर गणेश वंदना की गई। इसके बाद 51 दीपो से सजी महाआरती की शुरुआत राजेश्री महंत रामसुंदर दास के द्वारा की गई। सभी अतिथियों के द्वारा बारी बारी आरती किया। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पुजारी ओमप्रकाश वैष्णव ने पीठाधीश्वर को तिलक कर श्री सिद्ध हनुमान जी की फोटो भेंट किया। इस मौके पर राजेश्री ने कहा कि यदि संसार के समस्त दु:खो से आप छुटकारा पाना चाहते हैं तो हनुमान जी की पूजा अर्चना कीजिए। हनुमान जी की सेवा कीजिए इससे आपके जीवन के समस्त कष्टों का समाधान हो जाएगा। श्री हनुमान चालीसा में लिखा है कि नासै रोग हरै सब पीरा, जपत निरंतर हनुमत बीरा।। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति हनुमान जी की सच्चे हृदय से आराधना करता है, सच्चे भक्ति-भाव से उनकी सेवा करता है, उनके शरण में रहता है। उन्हें बैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। उल्लेखनीय है कि सिद्ध हनुमान मंदिर सक्ति में प्रत्येक सप्ताह श्री हनुमान जी महाराज की महाआरती की जाती है। इस सप्ताह यह 101 वीं महाआरती थी।



महाआरती कार्यक्रम में शामिल राजेश्री महंत एवं अन्य।




